CA

[45] No. of printed pages: 2

**SARDAR PATEL UNIVERSITY**
**BA (III Semester) Examination**
**Thursday, 28 November 2013**
**2.30 - 5.30 pm**
**UA03CHLT05 – Hindi Kavita Bhag – 1 (Kavyayan) Paper V**

Total Marks : 70

Notes : (1) Figures to the right indicate full marks.
(2) Mention clearly the option you attempt.

प्र-१ सप्रसंग व्याख्या कीजिए (किन्हीं तीन)। १५

(क) है बिखेर देती वसुंधरा
मोती, सबके सोने पर,
रवि बटोर लेता है उनको
सदा सवेरा होने पर।
और विरामदायिनी अपनी
सन्ध्या को दे जाता है,
शून्य श्याम तनु जिससे उसका
नया रुप झलकाता है।।

(ख) अरुण यह मधुमय देश हमारा-
जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा।
सरस तामरस-गर्भ-विभा पर नाच रही तरुशिखा मनोहर
छिटका जीवन-हरियाली पर मंगल कुंकुम सारा।

(ग) विजन-वन-वल्लरी पर
सोती थी सुहाग-भरी
स्नेह-स्वप्न-मग्न-अमल-कोमल-तनु-तरुणी
जुही की कली
दृग बन्द किये, शिथिल, - पत्रांक में।

(घ) छेड़ो न वे लता के छाले, उड़ जावेगी धूल,
हलके हाथों प्रभु के अर्पण कर दो उसके फूल,
गन्ध है जिनका जीवन-दान,
रुदन का हँसना ही तो गान।

(ङ) दिये हैं मैंने जगत् को फूल-फल,
किया है अपनी प्रभा से चकित-चल;
पर अनश्वर था सकल पल्लवित पल -
ठाठ जीवन का वही
जो ढह गया है।

प्र-२ जयशंकर प्रसादजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा कीजिए। २०

**अथवा**

प्र-२ टिप्पणी लिखिए:

(अ) 'मेरी कुटिया में राजभवन मन भाया' का मूलभाव।

(ब) 'सखि, निरख नदी की धारा' काव्य का मर्म।

प्र-३ सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' के काव्य सौंदर्य को स्पष्ट कीजिए। २०

**अथवा**

प्र-३ टिप्पणी लिखिए:

(अ) 'कोमल कुसुमों की मधुर रात' काव्य का भावार्थ।

(ब) 'चारु चन्द्र की चंचल किरणें' कविता का मूलभाव।

प्र-४ निम्नलिखित प्रश्नों का एक या दो वाक्य में उत्तर लिखिए (किन्हीं पंद्रह)। १५

(१) मैथिलीशरण गुप्तजी की चार कृतियों के नाम लिखिए।

(२) 'अरुण मधुमय देश हमारा' कविता के कवि कौन है?

(३) गुप्तजी को 'मंगलाप्रसाद' पुरस्कार किस कृति को मिला?

(४) निरालाजी की पत्नी का नाम लिखिए।

(५) 'बादल-राग १' काव्य छायावादी है या प्रगतिवादी?

(६) प्रसादजी के काव्य की चार विशेषताएँ लिखिए।

(७) 'चारु चंद्र की चंचल किरणें' किस काव्य कृति से लिया है?

(८) 'जुही की कली' काव्य के रचनाकार कौन है?

(९) 'रुदन का हँसना ही तो गान' काव्य कहाँ से लिया गया है?

(१०) छायावादी काव्यधारा के प्रमुख चार कवियों के नाम लिखिए।

(११) निराला ने अपनी बेटी पर जो काव्य लिखा उसका नाम लिखिए।

(१२) 'यामिनी जागी' काव्य के कवि कौन है?

(१३) सूर्यकान्त त्रिपाठी का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

(१४) प्रसादजी के चार काव्य कृतियों के नाम लिखिए।

(१५) 'साकेत' कृति को गुप्तजी ने किससे प्रभाबित होकर लिखी।

(१६) 'वे कुछ दिन कितने सुन्दर थे' काव्य किसने लिखा है?

(१७) प्रसादजी की मृत्यु कब और कितनी आयु में हुई है?

(१८) छायावादी काव्यधारा की चार विशेषताएँ लिखिए।

###